रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-02012024-251089
CG-DL-E-02012024-251089

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3] नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 2, 2024/पौष 12, 1945
No. 3] NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 2, 2024/PAUSHA 12, 1945

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 2 जनवरी, 2024

सा.का.नि. 4(अ).—केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**.-

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का निर्माण (वाइब्रन्ट गुजरात समिट के 20 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2024 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्के का मूल्यवर्ग**.- वाइब्रन्ट गुजरात समिट के 20 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में बीस रुपये मूल्य वर्ग का सिक्का ढाला जाएगा ।

3. **सिक्के की विमाएं और संरचना.-** नियम 2 में उल्लिखित मूल्य वर्ग के सिक्के, निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात्:-

सिक्के का मूल्य वर्ग	आकार और बाह्य व्यास	दांतेदार किनारों की संख्या	धातु संयोजन
(1)	(2)	(3)	(4)
बीस रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**चतुर्थक मिश्र धातु** चांदी - 50 प्रतिशत तांबा - 40 प्रतिशत निकिल - 05 प्रतिशत जस्ता - 05 प्रतिशत

4. **डिज़ाइन.–** सिक्के का डिज़ाइन वह होगा जो इन नियमों की पहली अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

5. **मानक वजन और अनुज्ञात उपचार**.- वाइब्रन्ट गुजरात समिट के 20 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए नियम 2 में उपरोक्त मूल्य वर्ग के ढाले गए सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्के को बनाने में अनुज्ञात उपचार वह होगा जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

पहली अनुसूची

(नियम 4 देखें)

बीस रुपये

अग्र भाग:

सिक्के के इस भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह स्तम्भ शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह स्तम्भ शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"20"** भी होगा ।

पृष्ठ भाग:

सिक्के के अग्र भाग पर वाइब्रन्ट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का प्रतीक चिन्ह होगा । प्रतीक चिन्ह के नीचे अंग्रेजी में "**CELEBRATING 20 Years of VIBRANT GUJARAT**" उत्कीर्ण होगा तथा इस लिखावट के बाईं तथा दाईं ओर क्रमशः '**2003**' और '**2023**' अंकित होंगे। सिक्के के ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "**विकसित भारत @ 2047 के लिए अग्रसर गुजरात**" उत्कीर्ण होगा ।

दूसरी अनुसूची

(नियम 5 देखें)

सिक्के का मूल्यवर्ग	मानक वजन	अनुज्ञात उपचार	
		संयोजन में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
बीस रुपये	35 ग्राम	रजत के लिए 1/500वां जमा या घटा अर्थात रजत का अंश प्रति 1000 में 498 से 502 के बीच हो सकेगा ।	1/100वां हिस्सा जमा या घटा अर्थात् वजन 34.65 से 35.35 ग्राम तक हो सकता है ।

[फा. सं. 02/33/2023-सिक्का]

अपर्णा भाटिया, सलाहकार

IndiaCode

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economics Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 2nd January, 2024

G.S.R. 4(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement**.- (1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin on the occasion of completion of 20 Years of Vibrant Gujarat Summit) Rules, 2024.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coin**.- The coin of Twenty Rupees denomination shall only be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government on the occasion completion of 20 Years of Vibrant Gujarat Summit.

3. **Dimension and composition of coin**.- The denomination of the coin mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:-

Denomination of the coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
Twenty Rupees	Circular 44 millimetre	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 per cent. Copper - 40 per cent. Nickel - 05 per cent. Zinc - 05 per cent.

4. **Design**.- The design of the coin shall be as specified in the First Schedule to these rules.

5. **Standard weight and remedy allowed**.- The standard weight of the coin of denomination referred in rule 2 shall be coined to commemorate the occasion completion of 20 Years of Vibrant Gujarat Summit and the remedy allowed in making of such coin shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

THE FIRST SCHEDULE

[See rule 4]

TWENTY RUPEES

OBVERSE:

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagri script and on the right periphery with the word "**INDIA**" in English. It shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**20**" in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of the coin will bear the logo of Vibrant Gujarat Global Summit 2024**.** At the bottom of the logo the inscription **'CELEBRATING 20 Years of VIBRANT GUJARAT'** in English shall be written. The year '**2003'** and '**2023'** shall be in scripted on left and right side of the text 'CELEBRATING 20 Years of VIBRANT GUJARAT**'.** The text "**विकसित भारत @ 2047 के लिए अग्रसर गुजरात"** shall be inscribed in Devnagari script on the upper periphery of the coin.

THE SECOND SCHEDULE

[See rule 5]

Denomination of the coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
Twenty Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say weight could be 34.65 grams to 35.35 grams.

[F. No. 02/33/2023-Coin]

APARNA BHATIA, Adviser

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2024.01.02 22:24:23 +05'30'